Synergy

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

...a joint venture with GONCTD

मार्च–अप्रैल 2012

बीआरपीएल की ओर से होली, ईस्टर और बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं

छात्रों को उनकी परीक्षाओं के लिए बीआरपीएल की ओर से शुभकामनाएं

समस्या मुक्त हाउस वायरिंग के लिए इन पर अमल करें

अगर आपके घर की आंतरिक वायरिंग में दिक्कत है, तो यह न सिर्फ आपकी सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि आपकी बिजली की खपत को भी बढ़ाता है। निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान देकर, आप समस्या मुक्त हाउस वायरिंग सुनिश्चित कर सकते हैं।

- अपने बिजली मीटर की ईएल एलईडी इंडिकेटर को देखें। यदि यह चमक रहा है, तो हो सकता है कि अर्थ वायरिंग, न्यूट्रल के तौर पर इस्तेमाल हो रही हो, या न्यूट्रल वायर अर्थ वायर को छू रही हो। संभव है कि आपकी फेज वायर आपके पड़ोसी की फेज वायर से मिल रही हो, या आपकी न्यूट्रल वायर आपके पड़ोसी की न्यूट्रल वायर से मिक्स हो रही हो। यह आपकी सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है, और आग भी लग सकती है। इसके अलावा, इससे करंट के प्रवाह पर असर पड़ता है और मीटर द्वारा बिजली की जो खपत रेकॉर्ड की जाती है, वह भी प्रभावित हो सकती है।
- सुनिश्चित करें कि घर में बिजली का कोई भी काम विशेषज्ञ व प्रमाणित बिजली मिस्त्री द्वारा और उनकी देखरेख में ही हो। यह भारतीय बिजली कानून 1956 के तहत आवश्यक है।
- आपकी सुरक्षा के लिए आपसे अनुरोध है कि आप ईएलसीबी यानी अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर लगवाएं। यह साधारण लेकिन बेहद उपयोगी उपकरण अर्थ लीकेज का पता लगाने में सक्षम होगा और इस तरह कोई बड़ा हादसा होने से रोकेगा।
- सभी बिजली उपभोक्ताओं का बिजली लोड, उनके मीटर के माध्यम से सीधे डिस्ट्रिब्यूटिंग मेन्स से जुड़ा होना चाहिए। यदि आपकी बिल्डिंग में एक से अधिक मीटर लगे हुए हैं, तो किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रिशियन से जांच कराएं कि उनकी वायरिंग अलग अलग हैं।

हम अपने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि अपने घरों की इंटरनल वायरिंग की जांच कराएं। साथ ही, अपने इलेक्ट्रॉनिक मीटर की ईएल एलईडी को भी समय–समय पर ध्यान से देखें।

ऑल इंडिया रेडियो एफएम रेनबो – 102.6 मेगा हर्ट्ज पर दिल्ली रहे रोशन कार्यक्रम सुनें। हर शुक्रवार, शाम 6:30 बजे से 7:00 बजे। 98–101–73–550 पर एसएमएस कर क्विज में हिस्सा लें, ईनाम जीतें। आप ईमेल भी कर सकते हैं – narenjanman@gmail.com

24 x 7

24x7 helpline for all queries
399-99-707

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

पश्चिमी दिल्ली के निवासियों के लिए हस्तसाल में 66/11 केवी ग्रिड जल्द

तेजी से विकसित हो रही पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी डिविजन में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, बीआरपीएल एक नया ग्रिड स्टेशन स्थापित करने जा रही है। 66/11 केवी का यह ग्रिड विकासपुरी के हस्तसाल इलाके में लगाया जाएगा, जिस पर 45 करोड़ रूपये की लागत आएगी। इस ग्रिड की क्षमता 75 एमवीए होगी। 750 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले बीआरपीएल इलाके का यह 78वां ग्रिड होगा और पश्चिमी दिल्ली का 6ठा ग्रिड। दिली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री हारून यूसुफ ने 21 फरवरी 2012 को इस ग्रिड की आधारशिला रखी। इस मौके पर माननीय लोक सभा सांसद श्री महाबल मिश्रा, विधायक श्री नंद किशोर सहरावत, पार्षद श्रीमती सरिता जिंदल, दिल्ली के प्रिंसिपल सेक्रेटरी पावर श्री परिमल राय और बीआरपीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

नए ग्रिड के आने से हस्तसाल, उत्तम नगर, किरण गार्डन, मोहन गार्डन, मिलाप नगर, ओम विहार फेज 1–5, विजय विहार, विकासपुरी, विपिन गार्डन और भगवती गार्डन आदि इलाकों के 2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी।

मेगा लोक अदालत में निपटाए गए 2000 से अधिक मामले

बीआरपीएल ने दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी – डीएसएलएसए – ने 11 और 12 जनवरी 2012 को दक्षिण व पश्चिम दिल्ली के उपभोक्ताओं के लिए दो दिवसीय मेगा लोक अदालत का आयोजन किया। इस लोक अदालत को उपभोक्ताओं की ओर से व्यापक रेस्पॉन्स मिला। यहां आए कुल मामलों के 90 प्रतिशत, यानी 2018 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। यह लोक अदालत, बीआरपीएल उपभोक्ताओं के बिजली चोरी संबंधी मामलों के तत्काल निपटारे के लिए एक अनोखा अवसर लेकर आई थी, जहां सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मामलों का निपटारा किया गया।

WWF | 60+ EARTH HOUR

भारत! बत्ती बंद करो।

31 मार्च 2012 | 8:30-9:30 PM

www.earthhour.in | www.facebook.com/earthhourindia | www.twitter.com/earthhourindia